# कांग्रेस पार्टी का मेनिफेस्टो देश को बांटने वाला: पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा के प्रभारी गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो को देश को बांटने वाला मेनिफेस्टो बताया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है और जातिगत आधार पर आरक्षण को समाप्त करने की फि राक में है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि 5 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी किया है जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा सामने आ रहा है इस एजेंडा के माध्यम से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी देश का विभाजन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह नई पहल नहीं है बल्कि इससे पहले भी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जमाने से लेकर कांग्रेस ने देश को बांटने का प्रयास किया है



जबकि वर्ष 2014 में देश में नरेंद्र मोदी ने एक नया एजेंडा सेट किया है जिसमें विकास पथ पर देश को आगे ले जाने का काम किया गया है। भाजपा केवल किसी धर्म और विशेष वर्ग के साथ नहीं बल्कि सभी वर्ग और धर्म को एक नजर से देखती है। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास नारा दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि भारत 11वीं अर्थव्यवस्था हुआ करती थी जो अब सातवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले समय में भाजपा ने भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के इस कार्यकाल में देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से

**निशाना बनाया**

**8 कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है: गोविंद सिंह**

ऊपर उठकर मध्यम वर्ग में प्रवेश हुए हैं लिहाजा हमारी सरकार ने गरीब वर्ग के लोगों के लिए धरातल पर काम किया है।उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर यह भी आरोप लगाया उनके घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि जिनके पास अधिक संपत्ति है उसका सर्वेक्षण किया जाएगा और उनसे कुछ संपत्ति छीन कर दूसरे लोगों को बांटी जाएगी। इस मौके पर बंजारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी, जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, एप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन नारायण, जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुलवी, मनाली भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकर दास, जिला भाजपा प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज, रविंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

## दरिद्र नारायण कल्याण समिति ने अमित की आर्थिक मदद की



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** दरिद्र नारायण कल्याण समिति इकाई घुमारवीं के सौजन्य से अमित कुमार पुत्र स्वर्गीय चिंत राम गांव बखैल देवली तहसील सदर बिलासपुर की शादी पर आर्थिक सहायता बतौर शगुन 5100 रुपए दिए। अमित कुमार के माताण्पिता काफी समय पहले स्वर्ग सिधार गए हैं। इनकी शादी इनके परिजन कृष्ण लाल के सहयोग से की जा गई। समिति के वरिष्ठ सदस्य जोगिंदर कौंडल द्वारा समिति के अध्यक्ष शहजाद सिंह चैहान व सचिव जगदीश चंद्र सेवानिवृत विकास अधिकारी से सहयोग बारे चर्चा

**सहयोग**

**8 देवली तहसील सदर बिलासपुर की शादी पर आर्थिक सहायता बतौर शगुन 5100 रुपए दिए**

की। अध्यक्ष ने 5100 देने की स्वीकृति दी तथा समिति के शहरी संयोजक पवन चंदेल एवं जोगिंदर सिंह कौंडल ने आगे भी इस परिवार की मदद के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## मेजर जनरल सिंह ने शिमला में किया चयनित अग्निवीरों को किया प्रोस्ताहित

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ केएडीजी मेजर जनरल केपी सिंह (विशिष्ट सेवा मेडल) ने बृहस्पतिवार को सेना भर्ती कार्यालय शिमला का दौरा किया । उन्होंने नव नियुक्त अग्निवीर जोकि विभिन्न सेना प्रशिक्षण केन्द्रों में ट्रेनिंग के लिए रवाना हो रहें हैं उन्हें चयनित होने पर बधाई दी और साथ मे मिलिट्री ट्रेनिंग पूरी लगन तथा निष्ठा से करने के लिए कहा। उन्होंने बताया की सभी को मन लगाकर, ईमानदारी और वफ ादारी से देश की सेवा करनी चाहिए। साथ ही में उन्होंने भर्ती कार्यालय शिमला के अधीनस्थ ऑनलाइन



परीक्षा केंद्र कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शिमला का निरिक्षण किया और परीक्षा के बारे में तथा परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सेना भर्ती कार्यालय, शिमला के भर्ती निदेशक, कर्नल पुष्विंदर कौर ने जानकारी देते हुए बताया की शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक इन जिलों के विभिन्न केन्द्रों पर ली जा रही है।

## मतदान केन्द्रों के नामकरण में संशोधनः जिला निर्वाचन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जिला शिमला में मतदान केन्द्रों के भवनों के नाम में पाई गई लिपिकिएं त्रुटियों एवं पाठशालाओं का दर्जा बढने के फलस्वरूप उनके नामकरण में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि संशोधन के उपरांत 61-ठियोग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 61/92 शिलागाडोल के मतदान केन्द्र का नाम राजकीय उच्च पाठशाला माहोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माहोग किया गया है। उन्होंने कहा कि 65-जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 65/3 अढैला मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला अढैला से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाघी कमरा नम्बर 1,65/34 डुमैहर के मतदान केन्द्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला डुमैहर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला डुमैहर, 65/35 मालठ के मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जालठ से राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलैमू, 65/44 पनोग के मतदान केन्द्र को राजकीय उच्च पाठशाला बडैओं (पनोग) से राजकीय माध्यमिक पाठशाला, बडैओं (पनोग), 65/54 टेहटोली के मतदान केन्द्र को राजकीय उच्च पाठशाला सैंताडी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला सतान्दली, 65/60 फ रोग के मतदान केन्द्र को 65/105 झडग-2 के मतदान केन्द्र को पाठशाला सारी से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सारी तथा 65/111 शीलगांव के मतदान केन्द्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला टुरान से राजकीय माध्यमिक पाठशाला टुरान किया गया है।

## पिछले 15 महीने से मंडी जिले के साथ हो रही अनदेखी: सिंह

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** पिछले पंद्रह महीने के कार्यकाल में मंडी जिला के साथ हो रही अनदेखी और भेदभाव पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंह ने प्रदेश सरकार की निंदा की है। इस भेदभाव के लिए शिमला ग्रामीण के विधायक और उनकी सांसद माता को कटघड़े में खड़ा करते हुए उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी हमेशा ही क्षेत्रवाद की राजनीती करती है और पूर्व की जयराम सरकार द्वारा मंडी को दिए विशेष उपहार सरदार पटेल विश्वविद्यालय को कमजोर कर इसे बंद करने के भरसक प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने लोकसभा के



कांग्रेस प्रत्याशी और उनकी मां के ऊपर इस विश्वविद्यालय को बंद करने की मौन स्वीकृति देने का आरोप लगाते हुए कहा की मंडी की सांसद ने एक बार भी इसका विरोध नहीं किया जबकि मंडी की जनता ने ही उन्हें सांसद बनाया था। उन्होंने कहा कि लगभग 140 से ज्यादा कॉलेज सरदार पटेल विश्वविद्यालय से जोड़े गए थे परंतु कांग्रेस सरकार ने लगभग 100 कॉलेज को इससे निकाल कर इस विश्वविद्यालय को पंगु बना दिया है। यह विश्वविद्यालय मंडी, कुल्लू, कांगड़ा जैसे जिलों के छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण था परंतु कांग्रेस पार्टी के नेताओं की आखों में लगातार यह खटक रहा है जिसमें ना केवल सुखविंदर सुक्खू और विक्रमादित्य बल्कि मंडी से संबंधित कांग्रेसी नेता भी राजनीतिक रोटियां सेंकने से पीछे नहीं हट रहे। उन्होंने कहा कि मंडी में सडकों की हालत दयनीय है और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य झूठे तथ्य जनता के समक्ष रखने में व्यस्त हैं।

## न्यूज फ्लैश

### विधार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया

लिहांटू

**रामपुर बुशहर:** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर निशान्त तोमर के निदेर्शानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप के अन्तर्गत रामपुर विधान सभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 में मत प्रतिशत में बढ़ौतरी करने के लिए स्थानीय शिक्षण संस्थानो, महिला मण्डलों व युवक मण्डलों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके मतदाताओं को लोक सभा चुनाव 2024 में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत रा.व.मा. पाठशाला देवठी में विधार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया व वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### रियलमी ने 10,999 रुपये में सबसे तेज स्मार्टफोन, रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी पेश किया

**शिमला: सबसे** विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्जो श्रृंखला में रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोन रियलमी नार्जो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्जो 70 5जी पेश किए गए हैं।रियलमी नार्जो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज है, जो यूजर्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है।भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्जो सीरीज का उपयोग करने वाले यूजर्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है।इन डिवाईसेज को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिजाईन किया गया है,ताकि यूजर्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्जो सीरीज उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेजन ने गठबंधन किया है। इस गठबंधन के अंतर्गत यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ रियलमी नार्जो सीरीज केवल अमेजन.इन पर मिलेगी। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



## आईआईटी मंडी ने कोरिया गणराज्य के राजदूत की मेजबानी की

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने 23 और 24 अप्रैल, 2024 को संस्थान परिसर में कोरियाई दूतावास के एक प्रतिनिधिमंडल और अन्य सम्मानित अतिथियों के साथ भारत गणराज्य में कोरिया गणराज्य के राजदूत महामहिम चांग जे-बोक की मेजबानी की। राजदूत चांग के साथ विज्ञान अतैश जंग जिंह्योन, कोरिया गणराज्य के दूतावास में प्रथम सचिव और वाणिज्य दूत ली चोहे, केओआईसीए के देश निदेशक वूचन चांग के साथ भारत कोरिया सेंटर फ ॉर रिसर्च एंड इनोवेशन के निदेशक डॉ. यंग हो किम और



शोधकर्ता अंशुल जोशी, शामिल थे। राजदूत श्री चांग जे-बोक की मेजबानी करते हुए आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कोरिया में अग्रणी विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संगठनों के साथ मजबूत सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि इस सहयोग का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देना, छात्र और संकाय आदान-

**संकाय प्रदान**

**8 भारत-कोरिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला**

प्रदान की सुविधा प्रदान करना और पारस्परिक रूप से लाभप्रद प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाली कार्यशालाओं का आयोजन करना है। अपनी बातचीत के दौरान, राजदूत चांग ने केओआईसी, और आईआईटी मंडी के बीच सहयोगी परियोजनाओं की प्रगति के लिए आशावाद व्यक्त किया। उन्होंने दक्षिण कोरिया और भारत के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया इसके अलावा, अतिथि राजदूत चांग ने भारत-कोरिया, 50 वर्ष और उससे आगे शीर्षक पर संस्थान द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में मुख्य भाषण दिया। अपने संबोधन में, उन्होंने भारत और कोरिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला, और भारत-कोरिया साझेदारी के लिए भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया।

## पुलिस ने दुकान से बरामद किए नशीले कैप्सूल, मामला दर्ज

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला मुख्यालय नाहन के अंतर्गत पुलिस थाना माजरा की टीम ने एक व्यक्ति की दुकान से 94 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सूचना के आधार पर उक्त व्यक्ति निवासी सैनावाला मुबारकपुर की दुकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान दुकान से 94 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। जिसके बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## 'रात के अंधेरे में सत्ता हासिल करना चाहती है भाजपा'

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचा। भाजपा के लोग रात के अंधेरे में सत्ता हासिल करना चाहते हैं, जिसके लिए विधायकों की खरीद भी की गई। यह उद्गार श्री रेणुका जी के खाला क्यार में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहे। अग्निहोत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद निलंबित हुए छह पूर्व विधायक सुप्रीम कोर्ट में गए। जहां पर कोर्ट ने भी विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को सही ठहराया। अब उनके विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव



हो रहे हैं। जहां पर जनता उन्हें पूछ रहे कि जब कांग्रेस की टिकट पर जीत कर गए थे। तो भाजपा के लिए क्रॉस वोट क्यों किया। अब उनकी मुश्किल है और बढ़ गई है। वही तीन निर्दलीय अभी भी फ ंसे हैं, क्या पता लगे कि चुनाव के बाद वह भी पूर्व हो जाए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में इन दिनों भाजपा के लोग हैं अफ वाह फैला रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश सरकार गिर जाएगी। तो उन्होंने कहा कि 68 विधानसभा क्षेत्र वाली सरकार में बहुमत के लिए 35 विधायक चाहिए होते हैं। 6 विधायक निष्कासित कर दिए गएए तो 62 विधायक बच गए हैं। 62 में सरकार बनाने के लिए 32 चाहिए, कांग्रेस के पास अभी 34 विधायक है। 68 विस के भी कांग्रेस को बहुमत के लिए एक विधायक चाहिए।

जबकि भाजपा के पास 25 है उन्हें सरकार बनाने को 10 विधायक चाहिए। मुकेश अग्निहोत्री ने जनता से कहा कि वह भाजपा नेताओं की बातों में बिल्कुल ना आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों की प्रदेश के निर्माण में विशेष पृष्ठभूमि रही है।

## सुजानपुर में ढहने के कगार पर राणाा का किला: सुक्खू

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर/सुजानपुर:** हमीरपुर जिला का मुख्यमंत्री नहीं गंवाने का नारा कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों के गले की फांस बन गया है। सुजानपुर, बड़सर और अन्य विधानसभा क्षेत्रों की जनता ईमान बेचकर भाजपा में गए पूर्व विधायकों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। सुजानपुर में पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का किला भी ढहने के कगार पर है। सोमवार को सुजानपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के स्वागत में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया है।

बिकाऊ को जिताऊ न बनाने का मूड बना चुकी क्षेत्र की जनता

कांग्रेसियों के साथ ही भाजपाई भी मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए उमड़े। हर किसी की जुबान पर यही था कि बिकाऊ को जिताऊ नहीं बनाना है। सुजानपुर ने एक मुख्यमंत्री पहले ही खोया है, अब जिला का मुख्यमंत्री किसी सूरत में नहीं गंवाना है।

**मुख्यमंत्री की नीतियों व 15 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों में हर वर्ग जता रहा आस्था**

मुख्यमंत्री ने विपरीत परिस्थितियों में भी 15 महीने के कार्यकाल में जनहित और प्रदेश हित के अनेक काम किए हैं। बिकाऊ विधायक प्रदेश के विकास के बजाय निजी विकास चाहते थे।

राणा और इंद्रदत्त लखनपाल को जिले का मुख्यमंत्री रास नहीं आ रहा था, चूंकि उनकी राजनीतिक महत्वकांक्षाएं बहुत अधिक बढ़ चुकी हैं। कांग्रेस विधायक व

**जनसैलाब**

**8 हमीरपुर जिला का मुख्यमंत्री नहीं गंवाने का नारा कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों के गले की फांस बन गया है**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए सह प्रभारी सुरेश कुमार व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि सुजानपुर की जनता में अंडर करंट है। लोग राणा की आया राम-गया राम की राजनीति पर विराम लगाने को तैयार बैठे हैं। राणा ने सरकार गिराने की जो साजिश रचीए उससे लोगों में गुस्सा है। लोग अपने गुस्से का इजहार वोट रूपी ताकत के जरिये करेंगे। कांग्रेस सुजानपुर में मजबूत है और दिन ब दिन लोगों का समर्थन बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़ी भीड़ ने यह दिखा दिया कि सुजानपुर में राणा की राजनीतिक दुकान अब बंद होने वाली है।

**भाजपा के दो पूर्व मण्डलाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**

सुजानपुर में भाजपा के दो पूर्व मण्डलाध्यक्षों ने सोमवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। पूर्व मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर व राकेश ठाकुर दल बल के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपना फीडबैक दिया और सुजानपुर के लोगों की भावनाओं से भी अवगत करवाया।

## श्रीशिव महापुराण कथा में सुनाया मां गंगा जी के उदगम का प्रसंग

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिले के समोह कस्बे मे चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के दूसरे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक पंडित सुरेष भारद्वाज ने कहा कि कभी-कभी दुष्टों द्वारा सज्जन के प्रति किया गया गलत कार्य भी उनकी मुक्ति का कारण बन जाता है। इस दौरान उन्होंने एक रोचक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि पूर्व काल में जब धरती पर अकाल पड़ा था तो गौतम ऋ षि ने कठोर तप किया तो वरुण देव ने प्रकट होकर कहा कि अपने आश्रम में एक गड्ढा खोद लोए जो सदैव पानी से भरा रहेगा। गौतम ऋ षि ने वैसा ही किया और वहां पर पानी निकल आया। गौतम ऋ शि के आश्रम में पानी देख अन्य



कपटी प्रवृत्ति के मुनि आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने गौतम ऋ षि को वहां से भगाने के लिए गणेश भगवान की तपस्या की तथा गणेश ने जब उनका मंतव्य जाना तो कपटी मुनियों ने कहा कि भगवान

**प्रवचन**

**8 यदि कपटी मुझे गौ हत्या का दोष न लगाते तो शायद मुझे भगवान और गंगा के दर्शन न होते**

हमने आपकी पूजा की है इसलिए हमारा कहना आपको मानना ही पड़ेगा। वचन की पूर्ति के लिए गणेश ने गाय का रूप धारण किया और गौतम ऋषि के आश्रम के बाहर उनके द्वारा बोए गए जौ की खेती को खाने लगे। गौतम ने जौ का एक तिनका तोड़ा और गाय की ओर फेंक दिया। जिससे गाय की मृत्यु हो गई। कपटी ऋ षियों ने मौके को देखकर गौतम ऋषि को हत्यारा करार देते हुए उन्हें आश्रम से भगा दिया। गौतम ऋ षि निराश होकर प्रायश्चित करने के लिए निकल गए। संतों ने उन्हें भगवान शिव की आराधना करने के लिए कहा। पाप से मुक्ति पाने के लिए उन्हें दस हजार साल तक तप किया। तब कहीं जाकर भगवान शंकर प्रकट हुए और गौतम ऋ षि के आश्रम में गंगा प्रकट हुई। जो गौतम गंगा कहलाई। कपटी ऋषि जब वहां नहाने पहुंचे तो गंगा लुप्त हो गई। उन्होंने गौतम ऋ षि के समक्ष गुहार लगाई तब गौतम ऋ षि ने भगवान शिव से कहा कि यदि कपटी मुझे गौ हत्या का दोष न लगाते तो शायद मुझे भगवान और गंगा के दर्शन न होते।

## 'सार्वजनिक संपत्ति पर चुनाव प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने पर होगी कार्रवाई'

**मनीष**

**सोलन:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्ति इत्यादि पर अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन व चुनाव से सम्बन्धित अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला में सरकारी कार्यालय परिसरों, भवनों सहित अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी प्रकार के दीवार लेखन, पोस्टर/पेपर सहित कटआउट, होर्डिंग, बैनर और झण्डे इत्यादि निर्धारित समयावधि में हटा दिए गए हैं।

# ऊना शहर के मुख्य चौराहे पर पेट्रोल छिड़क आत्मदाह का प्रयास

**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा चौक पर हरोली उपमंडल के एक व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास कर डाला। आत्मदाह का प्रयास करने वाले इस व्यक्ति ने पुलिस पर धक्केशाही करने का आरोप लगाया है और इसी के चलते उसने अपने आप को खत्म करने जैसे आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। इस घटना के चलते काफी देर तक अफरा-तफरी माहौल रहा। इसी चौराहे पर यातायात प्रबंधन का काम देख रहे पुलिस कर्मचारी और स्थानीय दुकानदारों ने भाग कर इस युवक के हाथ से माचिस छीनी और उसे आत्मदाह करने से रोका। हालांकि आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी में यह पूरी घटना कैद हो चुकी है। पुलिस व्यक्ति द्वारा आत्मदाह करने जैसा कदम उठाने के कारण जानने का प्रयास किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक टाहलीवाल निवासी राजीव कौशल वीरवार सुबह अपनी एक्टिवा पर सवार होकर शहर के पुराना बस अड्डा चौक पर पहुंचा। उसने सडक के बीचो-बीच अपनी स्कूटी पार्क की और उतरते ही स्कूटी से एक बोतल निकाल कर अपने ऊपर पेट्रोल डाल दिया। इसी बीच उसने तुरंत जेब से माचिस निकालकर जैसे ही आग जलाने का प्रयास किया मौके पर मौजूद ट्रैफिक कर्मी और स्थानीय दुकानदार ने तुरंत उस पर झपट कर माचिस छीनी और उसे सडक के किनारे ले आये। इसी दौरान आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंच व्यक्ति को दबोच कर उस पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले राजीव कौशल का आरोप है कि पुलिस द्वारा लड़ाई झगड़े के मामले में उनके और उनके परिवार के साथ नाइंसाफी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिवादी पक्ष के दबाव में उनके साथ धक्का करने के चलते ही उन्होंने आत्मदाह करने का प्रयास किया है। राजीव कौशल को आत्मदाह से बचाने वाले पुलिस कर्मचारी छांगा राम और दुकानदार सिमरनजीत सिंह सैनी ने बताया कि व्यक्ति ने तुरंत चौक पर पहुंचकर अपने आप पर पेट्रोल डाला और आग लगाने का प्रयास कर किया। उन्होंने बताया कि राजीव कौशल से माचिस छीनने के बाद उन्होंने तुरंत उसे काबू करके सडक के किनारे बिठाया और पुलिस को मामले की सूचना दी।

हालांकि आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरा में यह पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह का कहना है कि शहर के पुराना बस अड्डा चौक पर एक व्यक्ति द्वारा आत्मदाह करने का प्रयास करने की घटना सामने आई है।



# मुख्य चिकित्सा अधिकारी में खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन

**रिपोर्ट**

8 बैठक में उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया

**हामिद**

**चंबा:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी चंबा डॉ हरित पूरी ने की। बैठक में उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की जिस में प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम एटीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम तथा एचएमआईएस का खंड स्तरीय समीक्षा भी की और उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेते हुए सभी कार्यक्रमों और योजनायो को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कहा।



## गुरपलाह में गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

**राजन पुरी**

**ऊना:** हरोली उपमंडल के तहत गुरपलाह स्थित झुग्गी झोपड़ी में वीरवार को स्वास्थ्य जागरूक शिविर खंड चिकित्सा अधिकारी हरोली डा. पुष्पिंद्र राणा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में एमएच एस मोहन ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं हीमोगलोबिन, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, लंबाई आदि के टेस्ट किए गए। साथ ही कैल्शियम व आयरन की गालियां दी गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में दाल, सब्जी, फल आदि खाने के लिए बतलाया गया और समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाने का कहा गया।

# कुछ न बोलकर भी बहुत कुछ बोल गए विक्रमादित्य सिंह

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने अपने लोकसभा चुनाव के लिए पहली जनसभा का आगाज मंडी संसदीय क्षेत्र के नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैल चौक से किया। चैल चौक पहुंचने पर नाचन की जनता ने अपने लोकप्रिय प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का बहुत जबरदस्त स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह को तलवार गद्दा वह अन्य उपहार देखकर सम्मानित किया। विक्रमादित्य सिंह के साथ पूर्व मंत्री ठाकुर कोल सिंह पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी धर्मपुर क्षेत्र से विधायक एवं हिमाचल कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर नाचन विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे नरेश चौहान पूर्व में नाचन कांग्रेस के प्रत्याशी रहे लाल सिंह कौशल केशव नायक हाल ही में कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बने जगदीश रेड्डी सेवक सिंह एडवोकेट हेम सिंह सहित हजारों लोगों के हजूम के साथ विक्रमादित्य सिंह ने खुली जीप में रोड शो कियाक्षऔर सभा स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने नाचन की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा बेशक में शिमला ग्रामीण से जीत कर आया हूं बहुत बड़े मार्जिन से जीत के आया हूं और हिमाचल प्रदेश सरकार में मुझे लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री का पद दिया गया जिस पर मैं प्रदेश की जनता की सेवा कर रहा हूं। मगर कांग्रेस के केंद्रीय केंद्रीय नेतृत्व ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुझे मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है और पूर्व में छह बार मुख्यमंत्री रहे पांच बार सांसद रहे राजा वीरभद्र सिंह का पुत्र होने के नाते उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए मैं हमेशा फ्रं टफु ट पर आकर हर चुनौती को सामना किया है।



**स्वागत किया**

8 नाचन की जनता ने अपने लोकप्रिय प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का बहुत जबरदस्त स्वागत किया

## संक्षिप्त खबरें

### दौलतपुर कॉलेज में मतदान के प्रति किया जागरूक



**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में चुनावी साक्षरता क्लब के अंतर्गत शिक्षा विभाग के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल के दिशा निदेर्शों द्वारा यह कार्यकम संपन्न किया गया। प्राचार्य ने मतदान करने के महत्व के बारे में बताया गया एवं सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र के लिए अत्यावश्यक है। अत: सभी को अपनी विशेष जिम्मेदारी समझनी चाहिए। चुनावी साक्षरता क्लब के संयोजक प्रो.अर्श सिंह राणा ने छात्रों को निर्वाचन प्रकिया एवं संबंधित विषयों से अवगत करवाया। इस कार्यकम में शिक्षा विभाग के संयोजक डॉ मनोज कहोल, प्रो. बीके मिश्रा, प्रो. सुमिंदर वर्मा, प्रो. रंजीत प्रो. आंचल, प्रो. इंदु, उषा देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आचार संहिता लागू होने के बाद पकड़ी 4 लाख लीटर अवैध शराब: डा. यूनुस



**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक करीब चार लाख लीटर अवैध शराब को कब्जे में लिया जा चुका है। हिमचल प्रदेश के एक्साइज कमिश्नर और आईएएस अधिकारी यूनुस ने वीरवार को ऊना जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई पत्रकार वार्ता के दौरान कई खुलासे किए। एक्साइज कमिश्नर डॉ. यूनुस ने कहा कि हिमाचल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। विभाग ने 59 उड? दस्ते और 22 स्टैटिक दल बनाए हैं तथा प्रदेश में सभी जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के आबकारी अधिकारियों व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर अवैध शराब के कारोबार और गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डॉ. यूनुस ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान विभाग ने पड़ोसी राज्यों की टीमों व प्रदेश पुलिस की टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर लगभग 4 लाख लीटर देसी व अंग्रेजी अवैध शराब पकड़ी है। इस पकड़ में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। इसी कम में चुनाव आचार संहिता के लागू होने के बाद से लोगों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने ऊना जिला में लगभग डेढ़ लाख लीटर अवैध शराब पकड़ी है, वहीं बॉटलिंग प्लांट को भी बंद कराया गया है। बॉटलिंग प्लांट में धांधलियां मिलने पर उसे सील किया गया है और संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग की एसआईटी गठित कर दी गई है, जोकि कार्रवाई कर रही है। अवैध शराब और कर चोरी के मामलों में जीरों टॉलरेंस डॉ. यूनुस ने कहा कि प्रदेश में हर जिले में अवैध शराब व कर चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिए टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में अवैध शराब और कर चोरी के मामलों में जीरों टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

### हमले में घायल पालमपुर की युवती का डिप्टी सीएम ने जाना हाल-चाल

**राजन पुरी**

**ऊना:** प्रदेश के कांगड़ा जिले के पालमपुर में युवती पर हुए हमले के घायल का हालचाल जानने के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचे। जहां पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने घायल युवती शायना के स्वास्थ्य पर डॉक्टरों से पूरी रिपोर्ट ली। डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि डॉक्टरों से बातचीत में पता चला कि स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार बिटिया के ईलाज का पूरा खर्च वहन करेगी। इस संदर्भ में पीजीआई प्रशासन को सरकार की ओर से अधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर की दर्दनाक घटना दुखद है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। केवल गिरफ्तारी हमारा उद्देश्य नहीं है।

# बड़सर एवं प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा सर्वोपरि: इंद्र दत्त



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** बड़सर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा के प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल ने बूथ स्तर पर लोकसभा चुनावों ब विधानसभा उप चुनाव को लेकर अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत बृहस्पति के दिन कसीरी, जिंदवी ब्राह्मणा, घलौन, मोरसू-सुलतानी, बल्ह-ढटवालिया,दैन, सौर, मनसुई-मंझली, चोआ, रोपड़ी विभिन्न बूथों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई। उन्होंने बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बैठकों में उपस्थित जनता एवं भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए बड़सर की जनता एवम प्रदेश हितों की रक्षा करना प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने जिस बाहरी व्यक्ति को राज्यसभा में उम्मीदवार बनाया जो सुप्रीम कोर्ट में हिमाचल प्रदेश के हितों के खिलाफ केस की पैरवी करते हैं और तो और प्रभु श्री राम जी के अस्तित्व को कोर्ट में नकारते रहे। इसलिए उन्होंने कहा जब उन्हें लगा कि इस कांग्रेस पार्टी के एवम बाहरी व्यक्ति ने हिमाचल की जनता के हितों एवं भावनाओं को आहत किया है। तभी से उन्होंने तय कर लिया था की वह इस विचारधारा की कांग्रेस पार्टी के व्यक्ती को अपना समर्थन नहीं देंगे और इसलिए उन्होंने तय किया कि वह उस व्यक्ती और पार्टी की विचारधारा को समर्थन देंगे जो प्रदेश और देश हित की बात करती है जो कि भारतीय जनता पार्टी है जो कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीकी सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जानता पार्टी की सरकार ने धरातल पर करके दिखाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा जब वो कर्नाटक में चुनाव प्रचार कहते हैं कि वह 98: हिंदू विचारधारा को हराकर आएं हैं तब उन्हें ये क्यों भूल जाता कि उन्हें भी इन 98: हिंदू विचारधारा की जनता ने ही वोट देकर मुख्यमंत्री बनाया है।

**बैठक**

8 विभिन्न बूथों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई। उन्होंने बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

## पीआरओ-एपीआरओ के लिए प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना:** लोकसभा चुनाव 2024 और दो विधानसभा उप चुनावों के दृष्टिगत वीरवार को विधानसभा क्षेत्र ऊना के लिए चुनावी डयूटी देने वाले पीआरओ और एपीआरओ को प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यायल ऊना में करवाया गया। प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने शिरकत की। इस दौरान उपायुक्त ने चुनावी डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आहवान किया कि वे चुनावी रिहर्सल के दौरान दी जानी वाली व्यवहारिक जानकारी को बखूवी ग्रहण करें तथा चुनावों से संबंधित अपनी डियूटी को पूर्ण लगन व निष्ठा से निभाएं।

# भाजपा सांसद कश्यप ने किया शिमला के लिए रिकॉर्ड तोड़ कार्य: सुरेश भारद्वाज

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप ने रिकॉर्ड तोड़ सांसद निधि खर्च की है। जहां कोविड संकटकाल के समय दो साल तक सांसद निधि प्राप्त नहीं हुई थी, उसके बावजूद भी भाजपा सांसद ने 100 प्रतिशत से ज्यादा पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी केवल मात्र दुष्प्रचार में विश्वास रखती है और केवल मात्र वर्तमान सांसद की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। हम कांग्रेस पार्टी के नेताओं से पूछना चाहते हैं कि 6 बार के पूर्व सांसद केडी सुल्तानपुरी ने अपनी सांसद निधि को कहां.कहां खर्च किया उसका पूर्व विवरण इनको जनता के समक्ष रखना चाहिए। उन्होंने कहा की 2019 से 2024 तक पांच साल में भाजपा सांसद ने 19 करोड़ की सांसद निधि से बढकर 19,30,45,875 की सांसद निधि खर्च की जो की एतिकासिक है। जैसा की विदित है हर सांसद को प्रतिवर्ष 5 करोड़ की सांसद निधि स्वीकृत होती है और इस कार्यकाल के दौरान 2 साल के लिए कोविड संकटकाल के समय सांसद निधि प्राप्त ही नहीं हुई। उन्होंने कहा की भाजपा सांसद ने शिमला जिला में 7,26,65,000, सोलन जिला में 5,44,47,875 और सिरमौर में 6,59,33,000 की राशि स्वीकृत करी है। यानी कुल राशि 19,30,45,875 स्वीकृत हुई है।

**दावा**

8 कोविड के समय सांसद निधि प्राप्त नहीं हुई थी, उसके बावजूद भी 100 प्रतिशत से ज्यादा पैसा खर्च किया

# कांग्रेस का एजेंडा, जनता की संपत्ति हड़पना: शर्मा

**चमन शर्मा**

**शिमला :** भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन द्वारा जारी घोषणापत्र जहां अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति पर आधारित है वहीं इस घोषणापत्र में कॉम्युनिस्ट और माओवाद की झलक भी दिख रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत सर्वेक्षण, जातिगत गणना और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की भी बात की गई और घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि इस सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर हम इस देश के लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करेंगे और उसका पुनर्वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोषणापत्र में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की बात कही गई है। अल्पसंख्यकों को तरजीब देने की बात कही गई है। सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षणए बच्चों को विदेश में पढ़ाने के लिए विशेष छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप की बात हो यह अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से योजनाएं शुरू करने का घोषणा पत्र ने संकल्प लिया है। मुस्लिम लीग की विचारधारा है कि इस देश में बहुसंख्यकवाद नहीं चलेगा, लेकिन हमारे देश की विचारधारा सर्वधर्म समभाव की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा है कि अमेरिका की तरह हिंदुस्तान में भी विरासत टैक्स लगाया जा सकता है। जिसके अनुसार किसी व्यक्ति की संपत्ति वो अगली पीढ़ी को विरासत में जाएगी तो उसका 55 प्रतिशत हिसाब सरकार के पास चला जाएगा। कांग्रेस और इंडी एलायंस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, धन-दौलत, सम्पत्ति, घर, जमीन-जायदाद जब्त करने की फि राक में है। जनता की पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है।

उन्होंने कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट झलक रही है की आम जनता की संपत्ति घर, सोना, एफ डी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को अपने बुद्धि और विवेक से निर्णय करने की आवश्यकता है क्योंकि सामने दो विकल्प हैं।



**आरोप**

8 कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत तुष्टीकरण के साथ साम्राज्यवादी और शहरी नक्सलवाद की झलक

# मुकेश के चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर भी लगा विराम

**राजन पुरी**

**ऊना:** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को पूरी तरह से विराम दे दिया है। हालांकि कुछ दिन पूर्व उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री भी लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को विराम दे चुकी है। वीरवार को ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं की ना तो वह यह चुनाव लड़ रहे हैं और ना ही उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री किसी चुनावी मैदान में उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री को लोकसभा चुनाव लड़ने के साथ गगरेट विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लडने का भी प्रस्ताव मिला था। उन्होंने बड़ी विनम्रता के साथ यह चुनाव लडने में असमर्थता जता दी थी। वहीं मुकेश अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि उनको चुनाव लडने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हाल ही में उनके धर्मपत्नी का निधन हुआ है जिसके चलते उनके परिवार अभी उस सदमे से उबर भी नहीं पाया है। इन परिस्थितियों में किसी भी प्रकार का चुनाव लड? के बारे में न तो वह सोच सकते हैं और न ही उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री। उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस हाई कमान का उनकी बेटी को लोकसभा चुनाव के साथ-साथ गगरेट विधानसभा उपचुनाव लड? का प्रस्ताव देने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ा और कोई सम्मान नहीं होता कि उसका हाई कमान उसे चुनावी राजनीति में आने के लिए प्रस्ताव दें। वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में यदि उनकी पारिवारिक स्थिति सामान्य होती तो हाई कमान के इस प्रस्ताव पर अवश्य सकारात्मक निर्णय लिया जा सकता था। हर सर्वे में अव्वल रहे हैं

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उनका नाम बार-बार सर्वेक्षण में टॉप पर होने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार पांच चुनाव जीतकर उपमुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं और जब भी सर्वे हुआ है, वह हर सर्वे में अव्वल रहे हैं। किसी भी राजनीतिक दल में टिकट का आबंटन उसका हाई कमान करता है, लेकिन कुछ पत्रकार खुद ही टिकट आबंटन करके बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से झूठ फैलाने पर पत्रकारिता की विश्वसनीयता को भी बट्टा लगता है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एक या दो दिन में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

**स्पष्ट किया**

8 स्पष्ट करना चाहते हैं की ना तो वह यह चुनाव लड़ रहे हैं और ना ही उनकी बेटी चुनावी मैदान में उतर रही

## एडु पेस कोचिंग संस्थान में छात्रों ने जेईई मेन्स के परिणाम में दिखाई प्रतिभा

**राजन पुरी**

**ऊना:** वीरवार को एनटीए द्वारा घोषित हुए जेईई मेन्स के परिणाम में एडु पेस कोचिंग संस्थान के छात्रों ने फिर से अपनी प्रतिभा दिखाई। इन छात्रों ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की। कोचिंग के 15 छात्रों ने जेईई मेन्स की परीक्षा उतीर्ण करके जेईई एडवांस के लिए कदम बढाएं। संस्थान के एमडी अभिवन धीमान ने बताया कि दिव्यांश ने 94.51, देवांग ने 94, प्रियांशु ने 92.63, रवी ने 92.92, गोविंद ने 91.6, श्री ने 90 एवं कृति ने 90 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्कोरर्स किया है। अभिनव धीमान ने बेहतर परिणाम छात्रों और अपनी टीम के कठिन परिश्रम और समर्पण को समर्पित किया है।

# फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने संतोषगढ़ में कार सवार से बरामद किए 3.23 लाख

**राजन पुरी**

**ऊना:** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। चुनाव को लेकर होने वाली हर संदिग्ध गतिविधि पर प्रशासन अपनी नजर बनाए हुए हैं। इसके तहत प्रशासन की ओर से बनाई गई फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने वीरवार को कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने संतोषगढ़ में एक कार चालक से 3 लाख 23 हजार रुपये की संदिग्ध राशि बरामद की है। जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता को लेकर फ्लाइंग स्क्वॉयड की टीम पूरी तरह से सतर्क है। वीरवार को फ्लाइंग स्क्वॉयड की टीम इंचार्ज डा. दिनेश परमार पर आधारित टीम में एएसआई भगवान दास, एएसआई राम गोपाल व कांस्टेबल अनीता राणा ने चैकिंग के दौरान कार संख्या एचपी 20जी 3905 की तलाशी ली। फ्लाइंग स्क्वायड की टीम को कार चालक विशाल कुमार पुत्र बसंत सिंह निवासी चांदपुर से 3 लाख 23 हजार रुपये की नगदी बरामद किए गए। कार चालक विशाल कुमार की तरफ से मौके पर कोई भी सबूत पेश न कर पाने से इन पैसों को सरकारी खजाने में जमा करवा दिया गया है।



